तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 14 जुलाई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 डीएवी पब्लिक स्कूल जांता में हुई पालक एवं शिक्षक संगोष्ठी


10 रूसा के मद से फिजिक्स, केमेस्ट्री व ...


## खबर संक्षेप

### ताला तोड़कर रेस्टोरेंट से 30 हजार की चोरी

भिलाई। बीती रात नया बस स्टैंड जीई रोड पर स्थित कृष्णा रेस्टोरेंट के शटर का ताला तोड़कर इलेक्ट्रॉनिक तराजू, नगदी, चांदी की मूर्तियां, सिक्के, मिठाई समेत लगभग 30 हजार रुपए का सामान पार कर दिया। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि संचालक वीरेंद्र मिश्रा के रेस्टोरेंट में गल्ले में रखे 6-7 सौ रुपए नकद, दुकान के कई सामान पार हो गया। यह रेस्टोरेंट जीई रोड पर मुख्य मार्ग पर स्थित है, जहां रातभर वाहनों की आवाजाही लगी रहती है।

### उर्वरक बिक्री केंद्रों का औचक निरीक्षण, नोटिस

दुर्ग। जिले के कृषकों के लिए उच्च गुणवत्तायुक्त उर्वरक एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिये कृषि विभाग द्वारा सघन अभियान चलाते हुये जिले के निजी एवं सहकारी प्रतिष्ठानों में दबिश दी गई। 20 केंद्रों की जांच की गई। लापरवाही सामने आने पर दुर्ग के ओम कृषि केन्द्र अंजोरा, सिन्हा ट्रेडर्स, चंद्राकर ट्रेडर्स मचांदुर, बुरहानी एग्रो इण्डस्ट्रीज खपरी सहित 9 विक्रय प्रतिष्ठानों में नोटिस जारी किया गया।

### दीपक नेपाली और लुकेश पर अप्राकृतिक कृत्य का जुर्म दर्ज

**भिलाई।** गैंगस्टर दीपक नेपाली और उसके भाई लुकेश ने महिला के साथ मारपीट कर अप्राकृतिक कृत्य करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 377, 498, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि महिला ने दीपक नेपाली और उसके भाई ने महिला के साथ मारपीट कर उसका दैहिक शोषण किया। इसके अलावा महिला के साथ अप्राकृतिक कृत्य भी किया है। पुलिस ने बताया कि महिला के साथ आरोपियों ने मारपीट कर संबंध बनाने का दबाव बनाते थे। परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस में शिकायत किया है। प्राथमिक जांच और पीड़िता के बयान के आधार दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई किया है।दीपक और लुकेश नेपाली महिला के साथ मारपीट कर दबाव बनाकर संबंध बनाया करते थे। दोनों आरोपी फिलहाल फरार है। दीपक नेपाली के वैशाली नगर के एक मामले में पुलिस ने 3 हजार का इनाम घोषित भी किया है। आरोपी लुकेश का एक विडियो जमकर वायरल हुआ था। जिसमें तात्कालीन एसपी के खिलाफ नशे में वीडियो बनाया था। हाल ही में दीपक नेपाली की दो कार भी पुलिस ने जब्त किया है।


### भागी दो नाबालिगों को पुलिस ने खोज निकाला

**भिलाई।** घर से बिना बताए गायब हुईं नाबालिग को पुलिस ने खोज निकाला। दोनों आपस में सहेलियां है। घर से ट्यूशन जाने के लिए निकली थीं। देर होने के बाद घर नहीं लौटीं। परिजनों ने आसपास खोजबीन की, लेकिन दोनों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली।

# डीईओ का फरमान स्कूल छात्रों के आंदोलन करने पर शाला प्रमुख व बीईओ होंगे जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- डीईओ का फरमान, बिना अनुमति विद्यालयीन बच्चे हड़ताल, धरना प्रदर्शन किये या उच्च कार्यालय पहुंचेंगे, तो नपेंगे शाला प्रमुख और बीईओ


कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे ने एक आदेश निकालकर बिना अनुमति के विद्यालयीन छात्र-छात्राओं द्वारा किये जाने वाले धरना प्रदर्शन हड़ताल चक्का जाम जैसी गतिविधियों में शामिल होने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने बताया कि प्रायः यह देखा जा रहा है कि विषयवार शिक्षकों की मांग को लेकर विद्यालयीन छात्र छात्राएं के द्वारा बिना उच्च कार्यालय के अनुमति लिए विद्यालयीन समयावधि में ग्राम वासियों के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन तालाबंदी और चक्का जाम जैसी अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त होते हुए शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने एवं सीधे उच्च कार्यालय पहुंचकर विषय वार शिक्षकों की मांग की ज्ञापन प्रस्तुत कर रहे हैं।

यह अत्यंत खेदजनक और अप्रिय स्थितियों को निर्मित करता है। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने कहा कि शिक्षक नियुक्त करना शासन स्तर का विषय है एवं जिले की रिक्त पदों पर नियुक्ति शासन स्तर पर प्रक्रियाधीन है। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने जिले के सभी प्राचार्यों को, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को, एवं सेजेस प्राचार्यों को सम्बोधित करते हुए और कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देशित किया है कि भविष्य में किसी भी विद्यालय के बच्चों के द्वारा धरना, प्रदर्शन, तालाबंदी और चक्काजाम जैसी अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त पाये जाने पर एवं बिना अनुमति सीधे उच्च कार्यालय में पहुंचने की स्थिति में आपके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए वेतन रोके जाने की कार्यवाही की जावेगी। जिसकी जिम्मेदारी आपकी स्वयं की होगी।

## मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क पर सिर्फ गिट्टियां ही गिट्टियां, चलना हुआ दूभर

# मुर्रा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क से ग्रामीणों को सुविधा कम और मुसीबत ज्यादा

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/नवागढ़/नांदघाट

नेशनल हाइवे स्थित खैरा चौक से ग्राम मुर्रा तक बनी मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क अब ग्रामीणों के लिए सुविधा नहीं, बल्कि सजा बन गई है। कभी डामर से चमकने वाली 3 किलोमीटर की यह सड़क आज पूरी तरह उखड़ चुकी है, और सिर्फ गिट्टी शेष रह गई है। बरसात में यह रास्ता कीचड़ और फिसलन में बदलकर दुर्घटनाओं को न्योता देता है।

- खैरा चौक से मुर्रा तक 3 किमी का रास्ता बना जानलेवा

### तीन गांवों की जिंदगी इस एक सड़क पर निर्भर

यह मार्ग ग्राम मुर्रा, ईटई और ढाबा पार के लिए जीवनरेखा है। यही रास्ता बच्चों को नांदघाट स्कूल, महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्र, और ग्रामीणों को उपस्वास्थ्य केंद्र तक पहुँचाता है। लेकिन सड़क की हालत ऐसी हो गई है कि न तो वाहन सुगमता से



चल पाते हैं, न ही पैदल चलना सुरक्षित रह गया है।

### आपदा के हालात, लेकिन सुनवाई नहीं

बरसात में यह सड़क जलभराव और कीचड़ से पूरी तरह बंद हो जाती है। हालात यह हैं कि बीमारों को खाट पर उठाकर ले जाना पड़ता है, और दोपहिया वाहन गड्ढों में फंस जाते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बाद भी जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौन हैं।

### जांच की मांग और चेतावनी

ग्रामीणों ने न केवल सड़क मरम्मत की, बल्कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच की भी मांग की है। यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं हुई तो गांववाले चक्काजाम, घेराव और आंदोलन जैसे कदम उठाने को मजबूर होंगे।

### जनप्रतिनिधियों की चेतावनी, आंदोलन होगा

गांव के उपसरपंच रमेश बांधे, लक्ष्मी वर्मा, कृष्णा ठाकुर और गुरमुख भार्गव ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क की तत्काल मरम्मत कर नई डामरीकरण स्वीकृति दी जाए। उनका कहना है कि यह सड़क मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी थी, लेकिन 6 साल में ही इसकी हालत कच्चे मार्ग से भी बदतर हो गई है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर भी सवाल उठता है। "6 साल में सड़क का नामोनिशान मिट गया। अब सिर्फ गिट्टी और गड्ढे बचे हैं। बच्चे गिरते हैं, एंबुलेंस नहीं आ पाती, यह विकास नहीं है।"

- कृष्णा ठाकुर, ग्रामीण

# बुचीडीह हत्याकांड में परिजनों के भी शामिल होने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बीते दिनों बेरला थाना अंतर्गत ग्राम बुचीडीह में एक बिहारी नवयुवक अभिषेक सिंह चौहान की हत्या के मामले में नया मोड़ आ गया है,बेरला पुलिस द्वारा इस मर्डर की गुत्थी सुलझा लेने के बाद अब मृतक अभिषेक के परिजनों ने हत्या व साजिश के इस घटनाक्रम में आरोपी महिला के साथ अन्य पारिवारिक सदस्यों के शामिल होने का आरोप लगाया है। मृतक के बड़े भाई शिवम सिह ने बताया कि अभिषेक के हत्या के पूर्व बिहार में माता-पिता से बात हुआ था, जिसमे उन्होंने उस दिन कुछ बुरा होने की आशंका जताई थी। साथ ही उनके द्वारा फोन पे के माध्यम से ऑनलाइन पैसा बिहार में अपने परिजनों को पैसा भी ट्रांसफर किया। वही अचानक रात में यह पूरी घटना घट गई। जबकि यह अकेले में उसकी प्रेमिका द्वारा हत्या कर पाना असंभव नज़र आता है। इसमें आरोपी महिला के साथ उनके परिजनों ने भी वारदात में साथ दिया है।

- फोन पे के माध्यम से ऑनलाइन बिहार में अपने परिजनों को पैसा किया ट्रांसफर, उसी रात हुई वारदात

### आरोपी महिला का परिवार अवैध शराब के कारोबारी

इसके अलावा आरोपी महिला का परिवार अवैध रूप से शराब के कारोबार कर रहा था, तो उनके आपराधिक दृष्टिकोण को देखते हु इस मामले को गम्भीरता से लिया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी बताया मृतक के गले मे निशान था, जो कही न कही गला दबाकर मारे जाने की ओर इशारा कर रहा है। फिलहाल बिहार में अपने मूल गाँव पहुँचने के बाद मृतक का अंतिम संस्कार किया जा चुका है, किन्तु परिवार के अधिकांश लोगो द्वारा इस हत्याकांड में पुलिस द्वारा कड़ी जाँच की मांग की जा रही है, ताकि हत्या के आरोपियों को सख्त सजा मिलने के बाद न्याय पूर्ण माना जायेगा। बता दे कि मृतक अभिषेक सिंह(बिहारी युवक) और आरोपी रीना पारधी(बुचीडीह निवासी) दोनों काफी समय से प्रेमी-प्रेमिका के रूप में बुचीडीह में रहते थे। वारदात की जांच में लगी बेरला पुलिस की टीम ने इस अन्धे कत्ल की मर्डर मिस्ट्री सुलझाते हुए मृतक की प्रेमिका रीना पारधी उर्फ जंगो की गिरफ्तारी कर जेल भेज दिया है, वही अब मामले में मृतक के परिजनों द्वारा नए आरोप लगाने से केस फिर सुर्खियो में है।

# मत्स्याखेट पर प्रतिबंध का जिले में असर बेअसर, खुलेआम बिक रही हैं मछलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला प्रशासन ने समूचे ज़िला क्षेत्र में मत्स्यपालन अधिनियम के प्रावधान तहत वर्षा ऋतु के सीजन को देखते हुए मछलियों के प्रजनन काल के लिए विगत 16 जून से आगामी 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर पूर्णतः प्रतिबन्ध लगाया गया है।

- नदी-नालो, तालाबों और जलाशयों पर मछली पकड़ने का काम जारी, फिश इंस्पेक्टर ने कही कार्रवाई की बात

जिसमे इस अवधि के दरम्यान ज़िले के समस्त नदी-नालो, सहायक नदी, तालाबों जलाशयो पर मछली पकड़ने पर विभागीय अफसरों द्वारा जुर्माने के साथ दण्डित किये जाने का प्रावधान है। किन्तु बेमेतरा ज़िला में सक्षम मत्स्य



अधिकारी एवं सरदा, साजा, नवागढ़, बेरला व बेमेतरा के फीश इंस्पेक्टरों की सक्रियता के बावजूद खुलेआम नदी-नालों व तालाबो से मछली का शिकार कर बाजारों में खुलेआम बेचा जा रहा है, वही मत्स्य ऑफिसरों एवं निरीक्षकों द्वारा कोई कड़ी कार्यवाही नही की जा रही है, लिहाजा आलम यह है कि ज़िले के हर पांचवे गावों के बाजार व नगर-कस्बे के मार्केटों में बड़ी तादाद में प्रजनन काल के दौरान मछलियों की खरीद-बिक्री हो रही है, जो उचित नही है। उल्लेखनीय है कि वर्षाकाल मे मछलियां प्रजनन कर जलश्रोतों में बड़ी सँख्या में अपने अण्डे छोड़ती है, जिससे जल का इकोसिस्टम क्रमबद्ध रहता है, वही इसी बीच यदि मछलियों को पकड़ना जारी रहा तो उनका प्रजनन काल प्रभावित हो जाता है जिससे मछलियों की सँख्या काफी तेजी से घट जाती है जो काफी चिन्ता का विषय है। इस सम्बंध में सहायक मत्स्य अधिकारी दीपा गहिरा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ऑफिसरों द्वारा अकस्मिक निरीक्षण एवं शिकायत पर त्वरित कार्यवाही की जाती है, साजा में बीते दिनी मत्स्य निरीक्षक द्वारा ऐसे ही मामले पर कार्यवाही की गई है।

### जिले में अब तक 178.3 मिमी. औसत वर्षा दर्ज

**बेमेतरा।** चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 13 जुलाई तक की स्थिति में जिले में 178.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील थानखम्हरिया में 247.8 मि.मी. तथा न्यूनतम 83 मि.मी. वर्षा नवागढ़ तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 139.8 मि.मी. वर्षा, नांदघाट तहसील में 205.7 मि.मी. वर्षा, बेरला तहसील में 188.1 मि.मी., देवकर तहसील में 179 मि.मी, वर्षा दाढ़ी तहसील मे 240.6 मि.मी., वर्षा भिंभौरी तहसील में 138.5 मि.मी. एवं साजा तहसील में 182 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# दारगांव में 85 बोरी खाद गायब होने पर हुआ विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्थानीय बेमेतरा विधानसभा अंतर्गत धमधा ब्लॉक के ग्राम दारगाँव स्थित सेवा सहकारी मर्यादित उपसमिति के खाद गोदाम मे शनिवार को सोसायटी प्रबन्धन एवं किसानों के बीच काफी बवाल व हंगामा हुआ। जिसमे किसानों ने समिति पर आरोप लगाया कि एक दिन पूर्व गोदाम में 385 बोरी खाद पहुंचने के बाद अगले दिन 85 बोरी खाद गोदाम से गायब मिला, वही किसानों को जरूरत के विपरीत खाद वितरण किये जाने पर किसानो ने नाराजगी जताते हुए प्रबन्धन के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग कर सोसायटी पर ताला जड़ दिया गया। इस मौके पर सैकड़ो किसानों की भीड़ जुट गई जिसे देखते हुए पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। हालांकि किसानों ने ताला लगाने के बाद दिनभर खाद वितरण प्रभावित रहा।

- विधायक से प्रबंधक पर कार्रवाई की मांग



दरअसल इन दिनों सहकारी समितियों के खाद गोदामो में किसानो के लिए खाद का वितरण किया जा रहा है। इसी स्वरूप में शनिवार को सेवा सहकारी समिति ठेंगाभाठ के उपकेन्द्र दारगाँव मे किसानों के लिए खाद वितरण के लिए 385 बोरी जरूरी खाद पहुंचा।जो अगले ही दिन किसानों के पहुंचने से पहले ही 85 बोरी नदारद मिला। वही सुबह से किसान जब खाद लेने की मांग किये तो 300 बोरी खाद का हवाला देकर सबको कम खाद देने की बात कही। जिस पर किसान भड़क गए और उग्र होकर समिति प्रबन्धन के खिलाफ लामबन्द हो गए। जिसमे किसानों का कहना है कि समिति के प्रबंधक द्वारा हरबार ऐसे ही किया जाता है, बड़े किसानों को गुप्त रूप से जरूरत के पूर्ति खाद पहुंचा देते है वही छोटे किसानों को आवश्यकता से कम देकर ठगा जाता है, जिस पर किसानों ने क्षेत्र के स्थानीय बेमेतरा विधायक दीपेश साहू सहित अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदार विभागीय अफसरों द्वारा समिति प्रबन्धक पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

## संस्कार, शिक्षा और सफलता की त्रिवेणी में डूबा एक भव्य आयोजन

# एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के दीक्षांत और फेयरवेल समारोह में नृत्य-गीत की छटा बिखरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में पंचम दीक्षांत एवं फेयरवेल समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कक्षा बारहवीं की बैच 2024-25 के विद्यार्थियों के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर रणवीर शर्मा,कलेक्टर बेमेतरा, डॉ. अनिल वाजपई एडिसनल मजिस्ट्रेटे बेमेतरा एवं जिले के अधिकारी मौजूद रहे, मुख्य कार्यकारी प्रबंधन अधिकारी विनीत राजोरिया, प्राचार्य गिरीश कुमार, उपप्राचार्य राकेश कुमार, ए.सी.ओ. नीता राइचा एवं एच.एम. स्मृति शाही, व शिक्षकगण, अभिभावक व अन्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से की गई। तत्पश्चात कक्षा बारहवीं (2024-25) बैच के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रणवीर शर्मा ने संस्था के पंचम दीक्षांत समारोह में हिस्सा बनने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की, छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। जानकारी हेतु विज्ञान समूह और वाणिज्य (कॉमर्स) व कला (ह्यूमिनिटिस) समूह का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल, बेमेतरा का कक्षा बारहवीं का यह 9वां बैच था और इस बैच ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

- 12वीं के विभिन्न संकाय को छात्रों को प्रशस्ति पत्र दिया गया



इस वर्ष केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा बारहवीं में एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल, बेमेतरा के कुल 184 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें विज्ञान समूह के 43, गणित संकाय के 22 और वाणिज्य (कॉमर्स) समूह के 101 व कला (ह्यूमिनिटिस) समूह के 18 विद्यार्थी शामिल हुए। विद्यालय के छात्र अभिनव जैन ने 98.20% अंकों के साथ प्रथम स्थान, मांशी चंद्रवंशी ने 96.80% के साथ द्वितीय स्थान और ईशान खंडेलिया ने 96.40% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। उपरोक्त तीनों छात्र भी प्रमुख रूप से इस समारोह में उपस्थित थे।

इस अवसर पर एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के सांस्कृतिक विभाग की ओर से अनेक रंगारंग व सांस्कृतिक ▶▶| शेष पेज 11 पर

### प्राचार्य गिरीश कुमार का संदेश

ज्ञान केवल परीक्षा में सफलता नहीं, जीवन में दिशा देने वाला दीपक है। उन्होंने कहा विद्यार्थियों ने आपने परिश्रम, अनुशासन और जिज्ञासा से यह सिद्ध कर दिया है कि कोई भी चुनौती आपके आत्मविश्वास के आगे छोटी है । विद्यालय संचालिका श्रीमती भावना बोहरा ने अपने संदेश मे कहाः हर प्रस्थान एक नई यात्रा की शुरुआत है।आज जब हम अपने विद्यार्थियों को एक नई उड़ान के लिए विदा कर रहे हैं, तो हृदय गर्व और भावनाओं से भर उठा है। एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल, बेमेतरा में आपने शिक्षा, अनुशासन, संस्कृति और संस्कार का जो बीज बोया, आज वह एक फलदार वृक्ष बनकर विदा ले रहा है।साथ ही मैं अतिथियों, अध्यापकगणों, पालकों और सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ, जिनकी भागीदारी ने इस पंचम दीक्षांत समारोह को एक अविस्मरणीय अवसर बना दिया।

# महामाया धाम बुचीपुर में 3 को मनाएंगे तुलसी जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

छत्तीसगढ़ मानस प्रेमी परिवार संगठन ब्लॉक इकाई नवागढ़ के बैनर तले शनिवार को महामाया धाम बुचीपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम के चित्र पर पूजा-अर्चना कर की गई। बैठक में आगामी आयोजनों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की तरह इस साल भी गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती बुचीपुर में ही मनाई जाएगी। यह आयोजन 3 अगस्त को मातारानी महामाया मंदिर प्रांगण में धूमधाम से संपन्न होगा। इस दौरान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष भागवत निर्मलकर ने संगठन के विस्तार और गतिविधियों पर अपने विचार रखे। प्रदेश महामंत्री नारायण निषाद ने शासन द्वारा वाद्य यंत्रों के लिए दिए जाने वाले अनुदान के संबंध में जानकारी दी और बताया कि इसके लिए मांग पत्र ▶▶| शेष पेज 11 पर

खबर संक्षेप

## तीन विशेष पर्वों पर स्थानीय अवकाश घोषित

**कवर्धा।** जिला प्रशासन कबीरधाम द्वारा कैलेण्डर वर्ष 2025 के लिए तीन महत्वपूर्ण पर्वो त्योहारों के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। सामान्य पुस्तक परिपत्र में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा इन तिथियों को स्थानीय अवकाश के रूप में अनुमोदित किया गया है। घोषित स्थानीय अवकाश की तिथियां निम्नानुसार हैं। श्रावण मास का प्रथम सोमवार 14 जुलाई 2025 (सोमवार) को, दशहरा (महानवमी) 01 अक्टूबर 2025 (बुधवार) को और दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) 21 अक्टूबर 2025 (मंगलवार) उक्त अवकाश जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में लागू रहेंगे। हालांकि, इन तिथियों में कोषालय एवं उप कोषालय यथावत खुले रहेंगे ताकि वित्तीय लेन-देन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। अपर कलेक्टर, जिला कबीरधाम द्वारा इस आदेश को विधिवत जारी कर दिया गया है।

## 23 जुलाई से 29 अगस्त तक विशेष शिविर

**कवर्धा।** उपमुख्यंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर पूरे जिले भर में आगामी 23 जुलाई से 29 अगस्त तक विशेष राजस्व समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि इस शिविर में अनेक लाभ ग्रामीणों, किसानों और अभिभावको को मिलेगा। जिले के सभी 24 राजस्व निरीक्षक कार्यालय मुख्यालयों में यह शिविर लगेगा, जिसमे राजस्व से संबंधित आवेदनों के साथ साथ आयुष्मान कार्य, आधार कार्य नवनीकरण, अपडेट किया जाएगा, साथ ही इस शिविर में किसान भाई अपने एग्री स्टेट से पंजीयन भी किया जाएगा।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए कि शैक्षणिक प्रयोजन हेतु आवश्यक आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों में किसी भी विद्यार्थी या अभिभावक को अनावश्यक परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि स्कूल-कॉलेज में प्रवेश, छात्रवृत्ति, परीक्षाओं आदि के लिए आवश्यक प्रमाण पत्र समय सीमा में और सरलता से जारी किए जाएं।

# भारी अनियमितता तथा घटिया निर्माण के चलते दमतोड़ रही निर्माणाधीन गेगड़ा-चचेड़ी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के पिपरिया तहसील अंतर्गत ग्राम गेगड़ा से चचेड़ी तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत सड़क निर्माण में संबंधित विभाग और उसके ठेकेदार द्वारा इस कदर अनियमितता तथा मनमानी बरती जा रही है कि निर्माणाधीन सड़क बनने से पहले ही धंसने लगी है और उसमें दरारें आने लगी हैं। वहीं ठेकेदार की मनमानी से ग्राम चचेड़ी का गौठान दलदल में तब्दील हो गया है। इस गंभीर अनियमितता व मनमानी की शिकायत ग्राम सरपंच तथा क्षेत्र के ग्रामीणों ने बकायदा कलेक्टर से मुलाकात कर और ज्ञापन सौंपकर दर्ज कराई है तथा क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण एवं गौठान को व्यवस्थित कराए जाने की मांग की है। इस संबंध में ग्राम पंचायत चचेड़ी की सरपंच श्रीमती पल्लवी राघवेन्द्र तिवारी सहित अन्य ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि शासन ने क्षेत्रवासियों की सुलभ आवागमन की मांग पर बारहमासी पक्की डामरीकृत सड़क की स्वीकृति प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्राम गेगड़ा से चचेड़ी तक दी है। जिसकी ठेका संबंधित विभाग द्वारा अपने किसी चहेते ठेकेदार को दिया गया है। लेकिन संबंधित ठेकेदार द्वारा क्षेत्र के ग्रामीण, किसान तथा विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी इस सड़क के निर्माण में जमकर अनियमितता बरती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण में उपयोग की जा रही घटिया सामग्री के चलते सड़क पूर्ण होने के पहले ही कई स्थानो में धंसने लगी है और डामरीकृत सड़क में दरारें आने लगी है। ग्रामीणों ने बताया कि एक तो दर्जनो अर्जी विनती के बाद शासन द्वारा सड़क की स्वीकृति प्रदान की गई है उस पर भी संबंधित विभाग और उसके ठेकेदार द्वारा इतनी घटिया दर्जे की सड़क निर्मित कराई जा रही है तो पहली बरसात का आधा सीजन भी नहीं झेल पा रही है और दमतोड़ते नजर आ रही है। ऐसे में यह सड़क आगे कितने दिनो तक टिक पाएगी इस पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। ग्राम सरपंच तथा ग्रामीणों ने कलेक्टर तथा क्षेत्र के औहदेदार जनप्रतिनिधों से निर्माण कार्य की सूक्ष्म जांच कराए जाने तथा दोषियों के खिलाफ कार्यवाही कर गुणवत्ता युक्त सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की है।



### ठेकेदार की मनमानी व बेतरतीब कार्यप्रणाली से रोष



ग्राम सरपंच सहित ग्रामीणों ने कलेक्टर से इस बात की भी शिकायत की है कि ठेकेदार की मनमानी से गांव का गौठान दलदल में तब्दील हो गया है। उन्होने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा वर्षाकाल प्रारंभ होने के पूर्ण गांव के गौठान का मुरमीकरण तथा समतलीकरण कराया गया था ताकि बारिश के दिनो में गांव के मवेशियों को एक उपयुक्त स्थान मिल सके। लेकिन सड़क निर्माण करा रहे ठेकेदार ने गौठान में निर्माण सामग्री डंप करा दी और उसकी लोडिंग अनलोडिंग के लिए आने जाने भारी वाहनो के कारण अब पूरा गौठान दलदल में तब्दील हो गया है। जिससे न सिर्फ मवेशियों के लिए भारी परेशानी हो गई है बल्कि ग्रामीणों को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। आरोप यह भी है कि ठेकेदार ने गैर जिम्मेदाराना ढंग से कार्य करते हुए ग्राम चचेड़ी के प्रमुख एवं आस्था के केन्द्र महामाया मंदिर के आहाता की दिवाल को गिरा दिया है। जिससे हिन्दुओं की आस्था को ठेस पहुंची है और उनमें रोष व्याप्त हैं। इसी प्रकार ठेकेदार के द्वारा मंदिर जाने वाले करीब 300 मीटर के कांक्रीट भारी वाहन चलाकर क्षतिग्रस्त कर दिया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से इसकी भी क्षतिपूर्ति ठेकेदार से कराए जाने की मांग की है।

### निर्माण कार्य स्वीकृत कराने में नेताओं की रूचि, गुणवत्ता भगवान भरोसे

ग्रामीणों की मांग एवं आवश्यकताओं पर क्षेत्र के मंत्री, सांसद, विधायक, जिला पंचायत, जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि शासन-प्रशासन की विभिन्न योजनाओं व मदों से निर्माण एवं विकास कार्यो की स्वीकृति कराने और उनका भूमिपूजन करने में तो रूचि दिखा रहे हैं। लेकिन जहां तक इन निर्माण कार्यो की गुणवत्ता की बात की जाए तो वह भगवान भरोसे ही है। इसकी एक वजह यह भी मानी जा रही है कि इस समय जिले में ट्रिपल इंजन की सरकार नहीं बल्कि चार इंजनो वाली सरकार काम कर रही है जिसमें चौथा इंजन सत्तारूढ़ दल के नेता बनाम ठेकेदार भी शामिल है।

**कार्यवाही:** चिल्फी पुलिस ने की कार्यवाही, उड़ीसा से राजस्थान ले जाई जा रही थी गांजा की खेप

# ट्रक के गुप्त चैंबर से 120 किलो गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा/चिल्फीघाटी

चिल्फीघाटी पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध एक और बड़ी कार्यवाही करते हुए ट्रक में विशेष गुप्त चैंबर बनाकर गांजा तस्करी करते दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करों के पास से कुल 120 किलो गांजा बरामद किया है। जिसका बाजार मूल्य लाखों में आंका जा रहा है। वहीं पुलिस ने गांजा तस्करी के लिए प्रयुक्त ट्रक को भी जप्त कर लिया है। पुलिस गिरफ्त में आए आरोपियों के विरूद्ध नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चिल्फी पुलिस को गुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि ट्रक क्रमांक आरजे 14 सीसी 9595 में उड़ीसा से कोटा (राजस्थान) की ओर भारी मात्रा में गांजा तस्करी की जा रही है। इस सूचना के बाद हरकत में आई चिल्फी पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घेराबंदी कर ट्रक को रोका और बारीकी से जांच की। जांच के दौरान पुलिस को ट्रक के केबिन और ट्रॉली के बीच अत्यंत पेशेवर तरीके से तैयार किए गए विशेष गुप्त चैंबर से कुल 115 पैकेट में रखा गया करीब 120 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ। जिसका बाजार मूल्य लाखों में बताया जा रहा है। गांजा तस्करी के इस मामले में पुलिस ने अकरम खान पिता बशीट खान, आयु 37 वर्ष, निवासी – हरनावदा पिया, थाना पिड़ावा, जिला झालावाड़ राजस्थान तथा पप्पु सिंग पिता हरी सिंग, आयु 32 वर्ष, निवासी हरनावदा पिया, थाना पिड़ावा, जिला झालावाड़ राजस्थान को गिरफ्तार किया है। इस सफल कार्यवाही में निरीक्षक उमाशंकर राठौर, सउनि बीरबल साहू, आरक्षक इरफान खान, आंसू तिवारी, पप्पू पनागर, सुनील मेरावी, अजय चंद्रवंशी, सुभाष नौरंगे एवं हरजेंद्र रात्रे की विशेष भूमिका रही। इनकी सतर्कता, सजगता और अति-प्रोफेशनल अंदाज ने इस अंतर्राज्यीय तस्करी का पर्दाफाश किया।



### उड़ीसा से खरीदा गया गांजा

प्रारंभिक पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि वे गांजा को उड़ीसा से कोटा, राजस्थान ले जा रहे थे। तस्करी को छिपाने के लिए ट्रक में बड़ी ही चतुराई से विशेष चैंबर तैयार किया गया था। लेकिन चिल्फी पुलिस के सटीक सूचना तंत्र और सर्तकता के चलते इस बड़ी गांजा तस्करी को रोकने में सफलता मिली है। कबीरधाम पुलिस की यह कार्यवाही न केवल आरोपियों को कड़ा संदेश देती है, बल्कि जिले में सक्रिय अन्य आपराधिक तत्वों के लिए भी यह स्पष्ट चेतावनी है कि अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सख्त कार्यवाही जारी रहेगी।

### गांजा की खेती और तस्करी का सीजन

वैसे तो गांजा तस्करी के अवैध कारोबार में लिप्त तस्कर पूरे वर्ष भर उड़ीसा से गांजा की तस्करी देश के दूसरे राज्यों में करते हैं। लेकिन वर्षाकाल का यह सीजन न सिर्फ गांजा खरीदी के लिए उपयुक्त माना जाता है बल्कि इसी सीजन में गांजा की खेती भी होती है। सूत्रों की माने तो इस सीजन में गांजा की बोआई की जाती है जो सितम्बर अक्टूबर तक तैयार भी हो जाती है। यही वजह है कि गांजा का कारोबार करने वाले नई फसल आने से पूर्व ही पुरानी फसल को कम दामों में निकाल देते हैं। इस बात को गांजा तस्कर भी भली भांति जानते और समझते हैं और कई राज्यों से गांजा तस्कर अवैध गांजा की खरीदी करने उड़ीसा पहुंचते हैं।



# कवर्धा से भोरमदेव पदयात्रा आज, तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सावन के पहले सोमवार 14 जुलाई को कबीरधाम जिले में एक बार फिर आस्था और परंपरा का अद्वितीय संगम देखने को मिलेगा, जब हजारों श्रद्धालु और कंवड़िया भोरमदेव महादेव के पवित्र धाम की ओर 18 किलो मीटर लंबी पदयात्रा पर निकलेंगे। इस पवित्र यात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रशासनिक जानकारी के मुताबिक यह पदयात्रा कवर्धा शहर के प्रसिद्ध बुढ़ा महादेव मंदिर से प्रातः 7 बजे प्रारंभ होगी, जो ऐतिहासिक, पुरातात्विक और धार्मिक दृष्टिकोण से समृद्ध भोरमदेव मंदिर परिसर तक पहुँचेगी। पदयात्रा के माध्यम से श्रद्धालु भगवान भोरमदेव बाबा को माँ नर्मदा के पावन जल से अभिषेक करेंगे। इस अभिनव पहल के अंतर्गत कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में लगभग 600 पैकेट माँ नर्मदा का जल तैयार किया गया है, जिसे भक्त अपने साथ लेकर जलाभिषेक करेंगे। नगरवासियों, जन प्रतिनिधियों, समाजसेवी संगठनों और श्रद्धालुओं द्वारा इस पहल की सराहना की जा रही है। उपमुख्यंत्री विजय शर्मा सहित सभी जनप्रतिनिधि भोरमदेव पदयात्रा में शामिल होंगे। उपमुख्यंत्री श्री शर्मा कवर्धा के पंचमुखी बूढ़ामहादेव में विशेष पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि के लिए कामना करेंगे। साथ ही कबीरधाम जिले में पूर्व में पदस्थ रहे राज्य शासन के वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को भी जिला प्रशासन द्वारा आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा कलेक्टर ने जिलेवासियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी संस्थाओं एवं व्यापारिक संगठनों से यात्रा में सहभागिता की अपील की है।

# द्वारका चंद्रवंशी बने सरपंच संघ के अध्यक्ष डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रविवार को कवर्धा विधायक कार्यालय में सरपंच संघ कवर्धा ब्लॉक के नवनियुक्त अध्यक्ष द्वारका चंद्रवंशी को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंचों की भूमिका विकास की बुनियाद होती है। उन्होंने श्री चंद्रवंशी को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में सरपंच संघ ग्रामों की समस्याओं के समाधान और जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति रही। सभी ने नवचयनित अध्यक्ष द्वारका चंद्रवंशी का पुष्पगुच्छ और माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान श्री चंद्रवंशी ने सरपंचों की समस्याओं के समाधान और संगठन को मजबूत बनाने के अपने संकल्प को दोहराया। विधायक कार्यालय में हुए इस कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मजबूत सरपंच संघ ही सशक्त ग्राम पंचायतों का निर्माण कर सकता है।

# हाउसिंग बोर्ड कालोनी में सात दिवसीय शिव महापुराण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा नगर से सटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी समिति, जोराताल द्वारा श्रावण मास के उपलक्ष्य में 13 जुलाई से 20 जुलाई तक सात दिवसीय श्री शिव महापुराण महाकथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक जागरण है जहा ज्ञान, भक्ति और धर्म का अद्भुत संगम होगा। निर्धारित आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए समिति ने बताया कि वैष्णवाचार्य सुरेन्द्र दास महाराज द्वारा 13 जुलाई से 20 जुलाई तक सात दिवसीय श्री शिव महापुराण महाकथा का श्रवणपान कराया जाएगा।

कथा प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। कथा शुभारंभ दिवस 13 जुलाई को प्रातः भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु महिलाओं ने कलश सिर पर रखकर मंगल ध्वनि के साथ नगर भ्रमण किया। कथा के दौरान पूरे सात दिन भगवान महादेव के विभिन्न रूपों और लीलाओं की मनोहर व्याख्या की जाएगी।

आयोजकों ने बताया कि व्यासपीठ द्वारा सती चरित्र, दक्ष यज्ञ विध्वंस, शिव-पार्वती विवाह, अंधकासुर वध, रावण शिव भक्ति, त्रिपुरासुर वध, और श्रीराम-शिव संवाद की कथा का श्रवणपान कराया जाएगा। वहीं कथा के साथ विशेष रुद्राभिषेक, अर्चन, भजन संध्या, और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। कथा समापन दिवस 20 जुलाई को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा का आयोजन होगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया जाता है।

## बेकाबू माजदा वाहन पलटी...

**कवर्धा।** जिले से गुजरने वाले पंडरिया बजाग मार्ग में तीसरे दिन भी सड़क हादसे का सिलसिला जारी रहा। शुक्रवार-शनिवार की रात मार्ग में स्थित ग्राम पोलमी पंचायत भवन के पास सड़क किनारे एक माजदा वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें ग्रामीण का घर बाल-बाल बच गया। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।



**कवर्धा नगर पालिका के अभियान को जनता का मिला भरपूर समर्थन**

# स्वच्छता में जनता की भागीदारी, उपमुख्यमंत्री की अगुवाई में दर्री तालाब बना प्रेरणा का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रविवार की सुबह कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र के दर्री तालाब में पहुंचकर श्रमदान किया और प्रदेशवासियों को स्वच्छता का प्रेरक संदेश दिया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के साथ नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भी इस स्वच्छता अभियान में सहभागिता की। उपमुख्यंत्री श्री शर्मा के श्रमदान में पालिका के दूसरे वार्डो के पार्षदों और गणमान्य नागरिकों ने भी अपना हाथ बढ़ाया। जैसे ही उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष श्री चन्द्रवंशी सफाई कार्य के लिए दर्री तालाब पहुंचे, स्थानीय वार्डवासियों में उत्साह की लहर दौड़ गई। देखते ही देखते लोग जुटते चले गए और तालाब के चारों ओर मानव श्रृंखला बनाकर एकजुट होकर सफाई कार्य में लग गए। कुछ लोग जलकुंभी और कचरा निकालने में जुटे तो कुछ लोगों ने तालाब के किनारे और घाटों की सफाई की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, यह एक जनआंदोलन है। जब जनप्रतिनिधि, प्रशासन और आम नागरिक एक साथ मिलकर काम करना चाहिए तभी हम अपने शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बना सकते हैं। कवर्धा की यह पहल पूरे प्रदेश के लिए मिसाल है। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने घर, गली, मोहल्ले और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने कहा कि कवर्धा नगर पालिका स्वच्छ सुंदर और विकसित कवर्धा की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। इस अभियान में जनता का ऐसा उत्साह देखना हमारे लिए गौरव का विषय है। इस अवसर पर नगर पालिका की टीम के साथ-साथ समाजसेवी संगठन, युवा समूह, स्वसहायता समूह की महिलाएं और स्कूली बच्चे भी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। शहर और वार्डवासियों ने एक सुर में कहा कि उपमुख्यमंत्री का श्रमदान हमारे लिए प्रेरणा है और हम नियमित रूप से अपने वार्ड को साफ-सुथरा रखने में सहयोग करेंगे।



## पेज 9 के शेष

### एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के पंचम ...

कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का पहली कड़ी में बच्चों द्वारा गणेश वंदना पर मनमोहक नृत्य का प्रदर्शन किया गया। जिसने सभी लोगों का मन मोह लिया। स्वयं मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों की इस प्रस्तुति के लिए विशेष रूप से प्रशंसा की गई। उसी प्रकार संगीत विभाग की ओर से ऑर्केस्ट्रा प्रस्तुत किया गया जो आकर्षण का केन्द्र रहा। विद्यार्थियों ने विभिन्न वाद्य यंत्रों (पाश्चात्य एवं हिंदुस्तानी शास्त्रीय वाद्य यंत्रों) के प्रयोग द्वारा अपनी गरिमामय प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम की दूसरी कड़ी फेयरवेल समारोह में बच्चों द्वारा रैम्प वॉक व अन्य कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न चरणों को पार करने के बाद मिस्टर फेयरवेल तथा मिस फेयरवेल के लिए क्रमशः ईशान खंडेलिया एवं लविषा पंजवानी के नामों की घोषणा की गई, वहीं फ़ेस ऑफ ईवनिंग अंकिता बाग व फ़ेस इन द क्राउड सिद्धार्थ तोमर रहे। विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों की ओर से पूर्व शाला नायक शौर्य साहू एवं पूर्व शाला नायिका वैष्णवी शर्मा ने आभार माना।

### महामाया धाम बुचीपुर ...

प्रस्तुत किया गया है।

मंदिर समिति बुचीपुर के अध्यक्ष ओंकार वर्मा ने कहा कि आने वाले समय में इस प्रकार के आयोजन उन गाँवों में भी किए जाने चाहिए जहाँ अब तक रामकथा या तुलसी जयंती नहीं मनाई गई है। इससे मानस साहित्य का प्रचार-प्रसार बढ़ेगा। बैठक के अंत में कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने संस्था की आय-व्यय की जानकारी सबके समक्ष रखी। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न मानस मंडलियों से जुड़े प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे। जिनमें रामकुमार साहू, डुम्मन साहू, खेलन यादव (नवागढ़), ईश्वर वर्मा (घोरहा), महेतरु साहू (धनोरा), सेवक साहू (जेवरा), द्वारिका साहू (गणियारी), उमाशंकर वर्मा (कटई), शिवनन्दन राजपूत (बेंवरा), नाथूराम साहू (तोरा), उमाकुमारी साहू (मेहना), शिवानंद राजपूत, केशव राजपूत (जैतपुरी), दिनेश चौहान (कुआं), सीताराम यदु (बहरबोड़), रामसनेही वर्मा, कोमल साहू, तुकाराम निषाद (बुचीपुर), संतोष डोंगहर (अमलडीहा) सहित बड़ी संख्या में मानस प्रेमी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पर्यावरण को सुरक्षित रखने पेड़ लगाएं: जैन

**खड़गांव।** व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विजय जैन ने पर्यावरण सुरक्षित रखने के लिए पेड़ लगाने का आव्हान किया है। श्री जैन ने आमजनों से पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सहायक बने और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना और पर्यावरण को सुरक्षा देना सबकी जिम्मेदारी है इसलिए सबको जिले में लगभग दो लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य रखना है। उन्होंने आगामी 18 जुलाई को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाने का आव्हान किया है।

### प्रवेश द्वार का होल्डिंग ठीक करने की मांग

**सड़क अतरिया।** ग्राम का प्रवेश द्वार हादसे को न्यौता दे रहा है। विभाग के संज्ञान में लाने के बाद भी प्रवेश द्वार के होल्डिंग को ठीक नहीं किया जा रहा है जिससे उसके कभी भी गिरने की आशंका बनी हुई है। गांव के मुख्य चौक के समीप बने प्रवेश द्वार पर लगा होल्डिंग लटका हुआ है। आंधी चलने पर यह हिलने लगता है जिससे गिरने का डर बना हुआ है। होल्डिंग के अचानक गिरने पर घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने होल्डिंग ठीक कराने की मांग की है।

### दिलीप वर्मा बने जिला भाजपा के नए मुखिया

**अंबागढ़ चौकी।** प्रदेश भाजपा संगठन ने दो साल में जिला भाजपा अध्यक्ष के पद पर चौथी बार नियुक्ति की है। इस बार जिला संगठन प्रमुख के पद पर अधिवक्ता दिलीप वर्मा को नियुक्त किया गया है। जिला महामंत्री का दायित्व जिला पंचायत सदस्य नरसिंह भंडारी और अनिल गुप्ता को दिया है। नई नियुक्ति होने के बाद जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। जिला भाजपा अध्यक्ष एवं महामंत्री के नियुक्ति की जानकारी मिलने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं नगर में आतिशबाजी कर मिठाई बांटा। जिला भाजपाध्यक्ष के पद पर दूसरी बार अंबागढ चौकी क्षेत्र के भाजपा नेता की नियुक्ति हुई है। इससे पहले पूर्व विधायक संजीव शाह को कमान सौंपा गया था। शनिवार को जिले भर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने विश्राम गृह में एकत्रित होकर नए जिला भाजपाध्यक्ष दिलीप वर्मा को बधाई दी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

### स्कूल भवन एवं किचन शेड जर्जर

**सड़क अतरिया।** ग्राम चकनार का प्राथमिक शाला भवन काफी जर्जर हो गया है। यह भवन लगभग दो दशक पुराना है जिसकी छत जर्जर हो गई है। बारिश होने पर छात्रों का बैठना मुश्किल हो जाता है। छत की अनगिनत जगह से पानी टपकता है। छत का मलबा भी अनायास गिरते रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या से कई दफा शिक्षा एवं पंचायत विभाग को अवगत किया जा चुका है तथा नया भवन की मांग किया गया पर न तो अब तक पुराने भवन की मरम्मत हुई है और न नया भवन स्वीकृत हुआ है। तेज बारिश होने पर छात्रों को छुट्टी देना पड़ जाता है या फिर एक- दो कक्ष में पांच कक्षा के बच्चों को एक साथ बैठाकर पढ़ाना पढ़तर है। विद्यालय द्वारा छत पर त्रिपाल लगाकर पानी रिसने से बचाने का प्रयास किया गया है।

**आयोजन**

# डीएवी पब्लिक स्कूल जांता में हुई पालक एवं शिक्षक संगोष्ठी

**शिक्षा की गुणवत्ता और नियमित शाला आगमन पर की चर्चा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/दाढ़ी



सी बी एस ई एफ्फिलेटेड स्कूल डी ए वी जांता में पालक बालक शिक्षक संगोष्ठी का शानदार आयोजन हुआ।

विद्यार्थियों के पढ़ाई स्तर को जानने के लिए बड़ी संख्या में माता-पिता विद्यालय पहुँचे, डी ए वी स्कूल में सी बी एस ई शिक्षा व पाठ्यक्रम को लेकर लोगों की सोच बदलने का अद्वितीय कार्य किया जा रहा है। डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जाँता के प्राचार्य पी.एल. जायसवाल ने बताया कि डी ए व्ही स्कूल अपने सी.बी.एस.ई. शिक्षा के साथ-साथ नैतिक शिक्षा, व अच्छी संस्कार व सी.बी.एस.ई. के प्रत्येक एक्टिविटी दिया जा रहा है।

विद्यालय के पालकों ने स्कूल पहुंचकर अपने पाल्य की पैरोड़ीक टेस्ट परीक्षा का रिजल्ट जाने व बच्चों के बहुमुखी विकास के लिए किए जा रहे प्रयास पर बातचीत की। विद्यार्थियों की पढ़ाई स्तर अच्छा व बेहतर से बेहतर हो इसके लिए किस तरह से छात्र को आगे बढ़ा सके इसके लिए स्कूल में यह मीटिंग का आयोजन किया गया , जिसमें अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया इस दौरान,शिक्षा स्तर को बढ़ाना, विद्यार्थियों की प्रोग्रेस पर चर्चा के साथ साथ पालकों से सुझाव भी लिया गया। स्कूल में साप्ताहिक अनेको एक्टिविटी करवाया गया जिसमें गुरुपूर्णिमा, एक पेड़ माँ के नाम 2.0 ,व ग्रीन डे, छात्र परिषद चुनाव आदि सभी धूमधाम से किया गया। संगीत शिक्षक राजा ने भजन प्रस्तुति दिए विद्यालय से शिक्षक ललित देवागन,,अखिलेश पटेल, अनिल कुमार,अभिषेक दुबे, विमल साहु,पूनम शर्मा, ऐश्वर्य देशमुख, प्रवीण देवांगन, बालेश्वर सिंह, आयुषी जैन,कैलाश सिंह, राजा तनतुवे,रेणुका पटेल, रितिका साहू, दीपिका वर्मा, साक्षी शर्मा, अमित कुमार, ममता चन्दकार, लेखनी , संदीप साहू, स्वापनिल शर्मा, शोभा रानी, प्रीति यादव, रुखमणि, रामेश्वरी, सुखदेव साहू ,विजय चंद्राकर , युवराज चन्द्राकर, नरेश साहू आदि उपस्थित रहें।

## खपरी धोबी की शालाओं में किया गया पौधारोपण



**साजा।** बच्चों व शिक्षकों ने लगाया एक एक पेड़, नन्हे बच्चों से पेड़ लगवाने का उद्देश्य ये रहा कि बच्चे अभी से पर्यावरण को स्वच्छ रखना सीखे जिससे हमे शुद्ध वायु मिल सके धरती हमेशा हरी भरी रहें, बच्चों को पौधा लगाने से लेकर पौधो की देखभाल तक की प्रक्रिया के बारे मे बताया गया। प्रधान पाठक धनेश रजक ने मां के नाम एक पेड़ लगाओ पर सुन्दर स्वरचित बच्चों को गीत सुनाया। सभी बच्चे अपने प्रधान की मधुर आवाज़ से स्वरचित गीत सुनकर खुश हुए। और बच्चे संकल्प लिये,जो हम पौधे लगायें है उनकी देखभाल भी करेंगे और पर्यावरण को सुरक्षित रखने मे सहयोग करेंगे, विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका -तारकेशर निर्मल कर, रूखमणी सेन,थुकेल राम तारम,विजय लक्ष्मी रावत, चंद्र शेखर कश्यप, सफाईकर्मी रूपचंद यादव और सभी रसोइयां दीदी,इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## मालवाहक गाड़ियों में मजदूरों की ढुलाई नियमो की अनदेखी



**साजा।** अंचल में मालवाहक गाड़ियों में मजदूरों को भरकर ले जाना आम बात हो चुका है। बारिश के मौसम में सड़कों का हाल ऐसे ही बुरा है छोटे-छोटे वाहनों में 40-50 मजदूर जिसे महिलाएं ज्यादा होती है। प्रतिदिन खेती कार्य के लिए ले जाया जाता है। पिछले वर्ष भी ऐसे ही एक सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई थी। माल वाहक वाहनों में यात्री ना ढोने का आदेश जिला प्रशासन द्वारा जारी किया गया था। वह कागजों में सिमट कर रह गया। वाहनों की चेकिंग भी ऊपर के आदेश पर ही होती है जिसके चलते अनफिट वाहन सड़कों पर दौड़ते रहते हैं पुलिस से आरटीओ का मामला बात कर कार्रवाई करने से पल्ला झाड़ लेती है और मालवाहक गाड़ियों में मजदूरों को लाद कर वाहन चालक बेखौफ अपना सफर तय करते हैं।

## चारागाह में अतिक्रमण के कारण मवेशियों का जमघट सड़क पर



**साजा।** शहर में मवेशी के चारागाह अतिक्रमण के भेंट चढ़ चुके हैं जिसके चलते मवेशीयो का रहवास सड़कें बन चुकी है चारागाह नहीं होने की चलते किसानों को भी भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है फसल की निगरानी के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ती है खेतों में झटका तार लगाकर किलाबंदी की गई है जिससे भी खतरा बना रहता है अतिक्रमणकारी भी किसान ही है जिन्होंने चारागाह को कब्जा कर अवैध खेत बना रखे है ऐसे में आखिर मवेशी कहा चरेंगे गांव में किसानी व्यवस्था दुरुस्त होती है जिसके चलते फसलों को उतना नुकसान नहीं होता गांव में अवैध कब्जा करना भी आसान नहीं होता लेकिन शहर में विशेष कर साजा शहर में अवैध कब्जाधारियों को सहानुभूति की नजर से देखा जाता है जिसके चलते अब मवेशियों के लिए चारागाह भी नहीं बचा है।

# सतनामी समाज ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा : खुशवंत साहेब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

सतनाम भवन नवागढ़ में सामाजिक एकता और जागरूकता को लेकर भव्य बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आरंग विधायक एवं अनुसूचित जाति प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गुरु खुशवंत साहेब उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु घासीदास बाबा के चित्र पर पूजा-अर्चना और जोड़ा सेतखाम के साथ विधिवत रूप से की गई।

■ सतनाम भवन नवागढ़ में आयोजित हुई सामाजिक बैठक

सभा को संबोधित करते हुए गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि समाज का हर नागरिक शिक्षा, कृषि, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, राजनीति और व्यापार जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़े, इसके लिए संगठित होकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सतनामी समाज आज विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहा है और अन्य समाजों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता जा रहा है।

गुरु साहेब ने कहा कि परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा का आशीर्वाद समाज पर सदैव बना रहे, यही मेरी कामना है। हमें एकता और संगठन के माध्यम से समाज को नई दिशा देने का कार्य करना है। इस अवसर पर समाज के विभिन्न पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। कार्यक्रम में सामाजिक विकास को लेकर विभिन्न सुझाव भी सामने आए और सामूहिक सहभागिता पर जोर दिया गया।

# नवाचार व प्रेरणादायी कार्यों के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य के युवाओं और संगठनों के उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से युवा रत्न सम्मान योजना लागू की गई है। यह योजना उन व्यक्तियों और स्वैच्छिक संगठनों को सम्मानित करने की पहल है, जिन्होंने युवा कल्याण के क्षेत्र में विशिष्ट सेवाएं, नवाचार या प्रेरणादायक कार्य किए हैं। योजना के तहत राज्य शासन द्वारा प्रत्येक वर्ष विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले युवाओं और संगठनों को युवा रत्न सम्मान प्रदान किया जाएगा। इसमें असाधारण और विशिष्ट सेवा कार्यों के लिए दो श्रेणियां निर्धारित की गई हैं — एक युवा व्यक्ति और एक स्वैच्छिक संगठन को 2.5 लाख से 5 लाख तक की पुरस्कार राशि दी जाएगी।

सम्मान की श्रेणियों मे युवा रत्न सम्मान सामाजिक क्षेत्र मे, युवा रत्न सम्मान साहित्य क्षेत्र मे, युवा रत्न सम्मान उद्योग क्षेत्र मे, युवा रत्न सम्मान शिक्षा क्षेत्र मे, युवा रत्न सम्मान खेल क्षेत्र मे, युवा रत्न सम्मान पर्यावरण क्षेत्र मे, युवा रत्न सम्मान मीडिया क्षेत्र मे, युवा रत्न सम्मान स्वास्थ्य क्षेत्र मे, युवा रत्न सम्मान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र मे, युवा रत्न सम्मान दिव्यांगजन क्षेत्र मे, युवा रत्न सम्मान कला एवं संगीत क्षेत्र मे, युवा रत्न सम्मान लोककला क्षेत्र मे, युवा रत्न सम्मान महिला एवं बाल विकास (केवल महिलाओं और बालिकाओं को) प्रत्येक क्षेत्र में चयनित एक युवा को 1,00,000 की पुरस्कार राशि, एक पदक और एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

इस सम्मान के लिए वही व्यक्ति पात्र होंगे जो छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी हों और आयु 15 से 29 वर्ष के बीच हो। जिस वित्तीय वर्ष में पुरस्कार दिया जाएगा, उस वर्ष की 1 अप्रैल को न्यूनतम 15 वर्ष तथा 31 मार्च को अधिकतम 29 वर्ष की आयु होना आवश्यक है। सरकार का उद्देश्य इस योजना के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व, सामाजिक सेवा, नवाचार और उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है, ताकि वे राज्य और देश के लिए प्रेरणास्त्रोत बन सकें। यह सम्मान किसी व्यक्ति या संस्था को एक से अधिक बार प्रदान नहीं किया जाएगा। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी व आवेदन प्रक्रिया के लिए इच्छुक अभ्यर्थी युवा कल्याण विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

## बीआरसी ने किया शालाओं का निरीक्षण, दी हिदायत



**बेमेतरा।** विकासखंड स्त्रोत समन्वयक राजेंद्र कुमार साहू के द्वारा शनिवार विभिन्न शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला जीया, शासकीय प्राथमिक शाला डोकला, शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला जेवरा, शासकीय प्राथमिक शाला बसनी तथा शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला मटका का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। बीआरसी साहू सुबह 7.00 बजे जिया स्कूल के प्रार्थना में शामिल हुए। प्रार्थना के समय में भी शाला के कई शिक्षक शाला समय में उपस्थित नहीं थे। जिस पर गहरी नाराजगी जताई और सभी को कड़ी चेतावनी देते हुए समय में स्कूल आने कहा। शाला की साफ सफाई व पूर्व माध्यमिक शाला की कक्षा की फर्श को मरम्मत करने हिदायत दी।शासन द्वारा प्रदत्त निशुल्क पाठ्य पुस्तक की स्कैनिंग कर बच्चों को वितरण की जानकारी ली गई। उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के तहत असाक्षरों की जानकारी एकत्रित कर पंजीयन करना एवं स्वयं सेवी शिक्षकों द्वारा नियमित कक्षा संचालन करने संस्था प्रमुख को निर्देशित किया गया।

# जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का पहली बार बेमेतरा में आयोजन



**बेमेतरा।** जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा, जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन द वारक्राई मार्शल आर्ट एकेडमी बेमेतरा में किया गया। जिसमें 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें 10 वर्ष से 45 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन किए। मनोज बक्शी जिला सहायक क्रीड़ा अधिकारी द्वारा बच्चों को योग और अनुशासन का महत्व बताए। नारद साहू अधिवक्ता के द्वारा योग के माध्यम से जीवनशैली में होने वाले अच्छे परिणाम बताए। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता रायगढ़ में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में 14 वर्ष बालक में प्रथम - सूरज वर्मा, बालिका में - गरिमा साहू, 18 वर्ष बालक में प्रथम -मुकेश निषाद, बालिका में -मानसी सिंह, 28 वर्ष बालिका में प्रथम - प्रिंसी ठाकुर, 45 वर्ष महिला वर्ग में प्रथम -सूर्यकिरण साहू, रिदमिक युगल में प्रथम हेमलता यादव, प्रियंका देवांगन, आर्टिस्टिक युगल में प्रथम -प्रिया साहू, चित्राश्री, आर्टिस्टिक सिंगल में प्रथम ऋषिका शर्मा। आयोजन का संचालन छत्रपाल सिंह व्यायाम शिक्षक द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में योग व्यायाम शिक्षक भरत साहू, भानूप्रताप साहू, नारायण यादव, विजय पाण्डेय, निलिमा साहू, वन्दना लाउत्रे, नारायण प्रसाद साहू, दिलहरण तिवारी, कामिनी देवांगन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# प्रेस क्लब ने डिप्टी डायरेक्टर पाराशर को दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



रविवार को शहर के एक स्थानीय होटल में सिटी प्रेस क्लब द्वारा एक गरिमामय एवं भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डिप्टी डायरेक्टर जनसंपर्क शशिरत्न पाराशर के जनसंपर्क कार्यालय धमतरी स्थानांतरण के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष दिनेश दुबे ने की। उन्होंने कहा बेमेतरा में श्री पाराशर का योगदान सराहनीय रहा। उनकी कार्यशैली, संवाद की तत्परता और सभी माध्यमों से समन्वय प्रशंसनीय था। इस अवसर पर श्री पाराशर को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया । ब्यूरो चीफ हरिभूमि अमीन पप्पू रवानी ने कहा आपकी ऊर्जा, सक्रियता और सूचना की तत्परता ने हमें हमेशा प्रभावित किया। प्रेस की हर आवश्यकता पर आपकी त्वरित प्रतिक्रिया उल्लेखनीय रही।"पत्रकार किशोर तिवारी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा आपके नए दायित्वों के लिए मंगलकामनाएँ।

### जीवन सफलता और संतोष से परिपूर्ण हो

प्रेस क्लब के सदस्य अनिल त्रिपाठी, अरविंद गोस्वामी, अरुण सोनी, आशीष कांठले, प्रशून शुक्ला,आनंद साहू, अनीश मेनन ,अनिल राजपूत, खिलेश,सहित अनेक पत्रकार साथियों ने श्री पाराशर को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका स्नेहिल व्यवहार और मीडिया के प्रति सहयोग भाव सदैव स्मरणीय रहेगा। इस मौके पर श्री पाराशर ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा –"बेमेतरा में सभी पत्रकार साथियों से जो आत्मीय सहयोग मिला, वह मेरे लिए स्मरणीय रहेगा। मेरी प्राथमिकता रही कि पत्रकारों को समय पर सटीक सूचना मिले — और आगे भी यह प्रयास रहेगा कि जनसंपर्क और मीडिया का सेतु और सशक्त हो। कार्यक्रम में प्रेस क्लब के पदाधिकारीगण, वरिष्ठ पत्रकारगण एवं अन्य सदस्य ससम्मान उपस्थित रहे। समारोह सौहार्द्र और आत्मीयता के वातावरण में संपन्न हुआ।

**मंडलों कार्यकारिणी जारी होने के बाद अब जिला कार्यकारिणी का होगा गठन**

# तीन महीने बाद मंडल कार्यकारिणी घोषित, महिलाओं को 30% हिस्सेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद से ही जारी कार्यकारिणी का इंतजार आखिरकार समाप्त हो गया है। तीन महीने के अंतराल पश्चात रविवार को भाजपा ने शहर उत्तर मंडल एवं दक्षिण मंडल की कार्यकारिणी सूची जारी कर दी है। खास बात यह है कि इस बार मंडल कार्यकारिणी में एसटी, एससी और ओबीसी वर्ग के साथ ही महिलाओं को भी 30 फीसदी हिस्सेदारी दी गई है। इधर अब मंडलों की कार्यकारिणी जारी होने के बाद जिला भाजपा की कार्यकारिणी को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

उल्लेखनीय है कि भाजपा ने पिछले साल 23 दिसंबर 2024 को जिले के सभी 16 मंडल के लिए नए अध्यक्षों की घोषणा कर दी थी। जिसके बाद नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के चलते कार्यकारिणी गठन का काम रूक गया था। चुनावी परिणाम सामने आने के बाद मार्च महीने के अंतिम सप्ताह में एक पत्र जारी कर जिला भाजपा ने सभी मंडल अध्यक्षों से अप्रैल के पहले सप्ताह तक अपनी कार्यकारिणी बनाकर जिला संगठन के पास सौंपने को कहा था। ऐसा माना जा रहा था कि अप्रैल महीने के दूसरे सप्ताह में कार्यकारिणी जारी कर दी जाएगी, लेकिन शीर्ष नेताओं के चहेतों को स्थान नहीं मिलने से समन्वय की स्थिति नहीं बनने के चलते सूची जारी होने में देरी होती रही। हालांकि बीच-बीच में एक से दो मंडल की कार्यकारिणी जारी होती रही। अब सभी मंडल की कार्यकारिणी जारी कर दी गई है।

### उत्तर में हेतल उपाध्यक्ष, नरेंद्र कोषाध्यक्ष

भाजपा उत्तर मंडल की कार्यकारिणी में सुमित भाटिया अध्यक्ष, हेतल भोजानी, मदन यादव, सज्जन सिंह ठाकुर एवं श्रीमती शालू शर्मा उपाध्यक्ष, चंद्रभा जंघेल और विनोद भारती महामंत्री, नरेंद्र हंसा कोषाध्यक्ष, नरेश कोचरे व प्रमोद साहू सह-कोषाध्यक्ष, संजय पात्रे, श्रीमती सरिता यादव, श्रीमती नेहा शर्मा एवं सुश्री रानू मेश्राम मंत्री, मनोहर साहू कार्यालय मंत्री, श्रीमती प्रेमा सोनकर व मनीष श्रीवास्तव सह-कार्यालय मंत्री, कबीर साहू व अंकित गढ़वाल मीडिया प्रभारी, कमल सिंह ध्रुव सोशल मीडिया प्रभारी एवं अशोक सिन्हा सह-सोशल मीडिया प्रभारी बनाए गए हैं। इनके अलावा कार्यकारिणी में 66 सदस्यों व विशेष आमंत्रित सदस्य में 35 लोगों को शामिल किया गया है।

### दक्षिण में बलवंत महामंत्री, दामू कोषाध्यक्ष

भाजपा दक्षिण मंडल की कार्यकारिणी में प्रशांत गुप्ता अध्यक्ष, गितेश गुप्ता, प्रकाश मारकण्डेय, श्रीमती भानू साहू एवं रवि साहू उपाध्यक्ष, अशोकादित्य श्रीवास्तव एवं बलवंत साव महामंत्री, प्रवीण शुक्ला, श्रीमती रेवती साहू, श्रीमती देवकी देवांगन एवं श्रीमती रश्मि साहू मंत्री, सुरेश साहू कार्यालय मंत्री, राज सोनकर एवं डिंपल सेन सह-कार्यालय मंत्री, मनोज मिश्रेकर मीडिया प्रभारी, रोहित अवचट सह मीडिया प्रभारी, चेतन यादव सोशल मीडिया प्रभारी एवं नरेश सारथी सह-सोशल मीडिया प्रभारी बनाए गए हैं। इनके साथ ही 50 लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। 56 को विशेष आमंत्रित सदस्यों में स्थान मिला है।

**जिले में भाजपा के सोलह मंडल** : ज्ञात हो कि जिले में भाजपा के कुल 16 मंडल हैं। इनमें राजनांदगांव विधानसभा के अंतर्गत राजनांदगांव दक्षिण मंडल, राजनांदगांव उत्तर मंडल, सुकुलदैहान मंडल व सोमनी मंडल शामिल हैं। इसी तरह डोंगरगढ़ विधानसभा के डोंगरगढ़ शहर मंडल, ग्रामीण मंडल, तिलई मंडल, घुमका मंडल हैं। डोंगरगांव विधानसभा में डोंगरगांव, अर्जुनी मंडल, तुमड़ीबोड़ मंडल, मुसरा-मुरमुंदा मंडल व लालबहादुर नगर मंडल शामिल हैं। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के छुरिया मंडल, गैंदाटोला मंडल व कुमर्दा मंडल में अध्यक्ष की नियुक्ति 23 दिसंबर 2024 को कर दी गई थी।

